भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.** 873

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**ओडिशा में आयुष कॉलेज**

873. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की आयुष शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ओडिशा राज्य और कंधमाल जिले में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्थान, अवसंरचना और पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों सहित ऐसे प्रस्तावित महाविद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन महाविद्यालयों की स्थापना की समय-सीमा क्या है; और

(घ) ओडिशा में एनएबीएल प्रयोगशाला और संबंधित अनुसंधान सहित आयुष शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और अगले पांच वर्षों के लिए बजटीय प्रावधान क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, राज्य में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना ओडिशा सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आती है। हालाँकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत, उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता का प्रावधान है जहाँ सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है और राज्य/संघ राज्य सरकार इस वित्तीय सहायता का लाभ उठाने के लिए राज्य वार्षिक कार्य योजना एसएएपी के माध्यम से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। ओडिशा राज्य सरकार ने एनएएम योजना के तहत किसी भी नए आयुष महाविद्यालय के लिए सहयोग नहीं मांगा है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

(घ): आयुष शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) एवं संबंधित अनुसंधान की बढ़ती मांग की ओर ध्यान देने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। हालांकि, एनएएम के तहत, ओडिशा सहित सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय सरकारों को एनएएम योजना के विभिन्न घटकों के माध्यम से आयुष शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहयोग करने के लिए उनकी आवश्यकता के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। हालांकि, एनएएम योजना के तहत एनएबीएल प्रयोगशाला एवं संबंधित अनुसंधान का सहयोग करने के लिए कोई प्रावधान

उपलब्ध नहीं है। प्रत्येक वर्ष ओडिशा सहित सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय सरकारों के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार और एनएएम योजना के लिए किए गए बजट आवंटन के आधार पर बजटीय आवंटन/संसाधन पूल निर्धारित किया जाता है।

****